प्रधान मंत्री मोदी ने प्रमुख वैश्विक सीईओ से खास वार्ता की

# तेल और गैस क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बनेगा: मोदी

**ऐलान**

**नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वैश्विक तेल एवं गैस क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों से बातचीत की। इसमें मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को तेल और गैस क्षेत्र में आत्मानिर्भर बनाना है। तेल-गैस क्षेत्र के वैश्विक बैठक में प्रधानमंत्री ने पिछले सात वर्षों में तेल और गैस क्षेत्र में किए गए सुधारों पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें अन्वेषण और लाइसेंस नीति, गैस विपणन और तेल में मीथेन को मिलाने की नीतियां शामिल रहीं।

उन्होंने कच्चे तेल के लिए भंडारण सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में और देश में तेजी से बढ़ रही प्राकृतिक गैस की मांग के बारे में भी बात की। उन्होंने पाइपलाइनों, शहर गैस वितरण और एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनलों सहित वर्तमान और संभावित गैस बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में प्रकाश डाला।

**मुकेश अंबानी समेत कई दिग्गज मौजूद रहे:** इस बैठक में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, रोसनेफ्ट रूस के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. इगोर सेचिन और सऊदी अरामको के अध्यक्ष और सीईओ, बर्नार्ड लूनी, सीईओ, ब्रिटिश पेट्रोलियम; डॉ. डेनियल येरगिन, वाइस चेयरमैन, आईएचएस मार्किट; ओलिवियर ले प्यूच, सीईओ, शालम्बर लिमिटेड; अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता लिमिटेड सहित अन्य ने भाग लिया।

मोदी ने भारत में तेजी से प्रदूषण कम करने के लिए अपनाई जा रही ग्रीन एनर्जी से वैश्विक सीईओ को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के नए रूपों को तेजी से अपना रहा है, और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



**भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया**

उन्होंने कहा कि यह छठी ऐसी सालाना बातचीत है। इन बैठकों में दिए गए सुझाव तेल और गैस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में बेहद उपयोगी रहे हैं। उन्होंने सीईओ और विशेषज्ञों को भारत में तेल और गैस क्षेत्र की खोज में भारत के साथ भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया।